जबलपुर | रविवार । 14 जून 2026 । वर्ष 77 । अंक 141 । पृष्ठ 12 । मूल्य रु. 5.00 | navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



5 बंगाल में तुष्टिकरण की राजनीति का महा-पतन


6 आडंबर और आध्यात्मिक भौतिकवाद के विरुद्ध


7 एक गहन दर्शनिक और आध्यात्मक विमर्श


9 दुनिया के पहले ट्रिलियनियर बने मस्क


# वायुसेना का विमान क्रैश

## हादसे में पांच जवान शहीद, जांच के आदेश

**जोरहाट (असम), 13 जून. असम के जोरहाट एयर फोर्स स्टेशन पर भारतीय वायुसेना का एएन-32 मालवाहक विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. हादसे में विमान में सवार पांच जवानों के शहीद की पुष्टि की गई है. घटना के बाद एयरबेस पर राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार को एएन-32 विमान जब जोरहाट एयरबेस पर लैंड कर रहा था, उसी दौरान रनवे पर उतरते ही उसमें अचानक आग लग गई. देखते ही देखते विमान धुएं और आग की चपेट में आ गया. इस घटना से एयरबेस पर अफरा-तफरी मच गई. वायुसेना की फायर ब्रिगेड और इमरजेंसी रेस्क्यू टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया.

भारतीय वायुसेना ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना की जांच के लिए 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' के आदेश दिये गए है. प्रारंभिक स्तर पर हादसे के कारणों का पता नहीं चल सका है और विस्तृत जांच जारी है. ए एन-32 दो इंजन वाला मालवाहक विमान है जो दशकों से वायु सेना के लिए लॉजिस्टिक्स का एक अहम जरिया रहा है. इसने देश भर में, खासकर ऊंचे इलाकों और दूर-दराज के हवाई क्षेत्रों में विभिन्न अभियानों में अहम भूमिका निभाई है.

इस दुर्घटना ने ए एन-32 बेड़े के साथ पिछले कुछ सालों में हुए कई बड़े हादसों की यादें ताजा कर दी हैं.



### पांचों जवानों के नाम और पद

| क्रम | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह | पायलट |
| 2 | फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार | को-पायलट |
| 3 | सार्जेंट जितेंद्र शर्मा | क्रू सदस्य |
| 4 | अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत | क्रू सदस्य |
| 5 | अग्निवीरवायु दानिश आलम | क्रू सदस्य |

### कब-कब हुए विमान हादसे

- **21 जनवरी 2026:** उत्तर प्रदेश में वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, दोनों पायलट सुरक्षित बच गए.
- **7 फरवरी 2026:** एचएएल तेजस लड़ाकू विमान टेक-ऑफ के दौरान रनवे से बाहर चला गया। सॉफ्टवेयर गड़बड़ी को वजह माना गया.
- **5 मार्च 2026:** असम के कार्बी आंगलोंग में प्रशिक्षण के दौरान सुखोई स्ल्ब-30स्ल्यद्ध विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिसमें दोनों पायलटों की मौत हो गई.
- **17 अप्रैल 2026:** पुणे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वायुसेना के लड़ाकू विमान की हार्ड लैंडिंग हुई, जिससे रनवे 11 घंटे तक बंद रहा.

# 12 वर्ष में 350 से बढ़कर 2 .50 लाख स्टार्टअप

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 13 जून. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बतौर पीएम 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में मीडिया संवाद हुआ.**



मीडिया संवाद कार्यक्रम को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबोधित किया. इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने पीएम मोदी के कार्यकाल और उससे पहले के कार्यकाल की तुलना की. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की सरकार बनने के बाद देश में नौजवानों के सपनों को पंख लगे हैं. पीएम मोदी के कार्यकाल से पहले देश में महज 350 स्टार्टअप्स थे, लेकिन अब ये बढ़कर 2.5 लाख हो चुके हैं. स्टार्टअप्स शुरू करने वाले कोई बड़े खानदान के बच्चे नहीं है. ये किसी रसूखदार के बच्चे नहीं है. ये सामान्य घर के बच्चे हैं.

देश में स्टार्टअप्स ने इकोनॉमी का नया मॉडल खड़ा कर दिया है. वहीं सीएम डॉ. यादव ने कहा उज्जैन ने देश में धार्मिक पर्यटन का नया ईको सिस्टम खड़ा कर दिया है. पत्रकारों से संवाद में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज तक पीएम मोदी का कार्यकाल 4402 दिन का हो गया है.

### हमने राम राज्य सुना था, हम भाग्यशाली देख भी रहे : सीएम

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 12 का हमारे लिए बड़ा महत्व है. 12 माह, 12 वर्ष, 12 वर्ष में ही सिंहस्थ होता है. हमने राम राज्य सुना था, सम्राट विक्रमादित्य का कार्यकाल भी रामराज्य जैसा था, लेकिन हम भाग्यशाली है कि हम पीएम मोदी के कार्यकाल में ये देख भी रहे हैं. उन्होंने कहा कि आजादी के बाद किसी जीआईएस के लिए पीएम ने रात गुजारा.

# ड्रोन के जरिए दूरस्थ गांव पहुंचेगी डाक : सिंधिया

**नई दिल्ली, 13 जून. संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि ड्रोन आधारित डाक और पार्सल वितरण सेवा के जरिए देश के दूरदराज के गांवों तक तेजी से डाक पहुंचाई जाएगी और इससे डाक सेवाओं को और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी.**

श्री सिंधिया ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि हिमाचल प्रदेश में मंडी-रेहड़धार मार्ग पर इंडिया पोस्ट की ड्रोन आधारित डाक एवं पार्सल वितरण सेवा शुरू की गई है. उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में पहले जिस यात्रा में कई घंटे लगते थे, वह अब वास्तविक समय की निगरानी की सुविधा के साथ मात्र सात मिनट में पूरी हो सकेगी. उन्होंने कहा कि यह पर्यावरण अनुकूल पहल ग्रामीण डाक सेवकों और डाक सहायकों के साथ विभिन्न संवादों के दौरान मिले सुझावों और फीडबैक के आधार पर शुरू की गई है. इसके तहत डाक एवं पार्सल वितरण को अधिक तेज, कुशल और सुलभ बनाया जाएगा, जिससे दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस सेवा के माध्यम से डाक और पार्सलों की वास्तविक समय में निगरानी की जा सकेगी, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में डाक सेवाओं की पहुंच और विश्वसनीयता में सुधार होगा.

# धीरज सेठ होंगे थल सेनाध्यक्ष

**नई दिल्ली, 13 जून. केंद्र सरकार ने भारतीय सेना के शीर्ष नेतृत्व में बदलाव करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को देश का अगला थल सेनाध्यक्ष नियुक्त किया है.**

वर्तमान में उप सेना प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल रहे धीरज सेठ जून के अंत में मौजूदा सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी का स्थान ग्रहण करेंगे. इसके साथ ही भारतीय सेना की कमान एक ऐसे अधिकारी के हाथों में जाएगी, जिन्हें विभिन्न सैन्य मोर्चों पर लंबे और व्यापक अनुभव के लिए जाना जाता है. दिसंबर 1986 में आर्मर्ड कोर से सैन्य सेवा की शुरुआत करने वाले लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने लगभग 40 वर्षों तक सेना की विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं।



अपने करियर के दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों, पश्चिमी सीमावर्ती क्षेत्रों और रेगिस्तानी इलाकों में कई अहम सैन्य तैनातियों का नेतृत्व किया। वे उन चुनिंदा वरिष्ठ अधिकारियों में शामिल हैं जिन्होंने पश्चिमी मोर्चे पर दो महत्वपूर्ण ऑपरेशनल कमानों की कमान संभाली है. धीरज सेठ ने दक्षिण-पश्चिमी और दक्षिणी कमान में जीओसी-इन-चीफ जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी सेवाएं दी हैं.


### किसी भी प्रकार के समझौते पर हस्ताक्षर नहीं होंगे : ईरान

**तेहरान.** ईरान और अमेरिका के बीच प्रस्तावित शांति समझौते को लेकर चल रही चर्चाओं पर ईरान ने स्थिति स्पष्ट कर दी है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा है कि रविवार को किसी भी प्रकार के समझौते पर हस्ताक्षर नहीं होंगे. हालांकि उन्होंने यह भी संकेत दिया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह रुकी नहीं है और आने वाले कुछ दिनों में समझौता संभव हो सकता है, लेकिन इसकी कोई निश्चित तारीख तय नहीं हुई है. यह समझौता पाकिस्तान की मध्यस्थता में आगे बढ़ रहा है.

# डेमोग्राफिक बदलाव का हो गहन अध्ययन

## गृहमंत्री अमित शाह बोले- मेट्रो और बॉर्डर इलाकों की जनसंख्या पर रिपोर्ट तैयार

**नई दिल्ली, 13 जून. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों में हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों को लेकर बड़ा कदम उठाया है. शनिवार को हुई उच्च स्तरीय समिति की बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध प्रवासन और अन्य अप्राकृतिक कारणों से हुए जनसंख्या परिवर्तन का गहन अध्ययन किया जाए और विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए.**



इस समिति का उद्देश्य देश के सीमावर्ती जिलों, मेट्रो शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों में जनसंख्या संरचना में आए बदलावों का वैज्ञानिक विश्लेषण करना है. गृह मंत्रालय का मानना है कि कई इलाकों में जनसंख्या संतुलन में असामान्य बदलाव देखे जा रहे हैं, जिनके पीछे अवैध घुसपैठ और अन्य सामाजिक-आर्थिक कारण हो सकते हैं.

समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश कर रहे हैं, जबकि इसमें जनगणना आयुक्त, वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस अधिकारी भी शामिल हैं. गृह मंत्रालय के अनुसार, यह समिति पूरे देश में दौरा कर वास्तविक स्थिति का आकलन करेगी और एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी.

# कॉमर्शियल जहाजों पर हमले अस्वीकार्य

- खाड़ी में नौसेना कार्रवाई पर भारत की नाराजगी
- विदेश मंत्री जयशंकर ने विदेश मंत्री रुबियो से की बात

**नई दिल्ली 13 जून. खाड़ी क्षेत्र में हाल ही में हुए समुद्री हमलों के बाद भारत और अमेरिका के बीच कूटनीतिक स्तर पर गंभीर बातचीत हुई है. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से फोन पर बात कर इन घटनाओं पर भारत की कड़ी आपत्ति दर्ज कराई.**

जयशंकर ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में कॉमर्शियल जहाजों को निशाना बनाना स्वीकार्य नहीं है और इस तरह की घातक कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन है। यह पूरा मामला तब सामने आया जब ओमान तट के पास भारतीय क्रू मेंबर वाले तीन जहाजों को निशाना बनाया गया। इनमें से एक हमले में 10 जून को तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई थी. इस घटना ने भारत में गंभीर चिंता पैदा कर दी है और सरकार ने तुरंत कूटनीतिक कदम उठाते हुए अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी को तलब किया। भारत ने इस हमले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार पक्ष की पहचान की मांग की है.




वहीं, अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव ने इस पूरे क्षेत्रीय संकट को और जटिल बना दिया है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे भारतीय जहाजों पर ईरान ने ड्रोन हमले की कोशिश की थी.

### शिवसेना (शिंदे) के संपर्क में हैं शिवसेना(यूबीटी) सांसद

**मुंबई.** शिवसेना(यूबीटी) के वरिष्ठ नेता अंबादास दानवे ने ने कहा है कि उनकी पार्टी के सांसद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं विरोधी शिवसेना (शिंदे) प्रमुख एकनाथ शिंदे के संपर्क में हैं. श्री दानवे ने कहा कि कुछ लोग एकनाथ शिंदे के संपर्क में हैं. हम सब जानते हैं. ऐसी चर्चा थी कि वे लोकसभा चुनाव के बाद से हर दो महीने में संपर्क में हैं. अब इसे आधिकारिक रूप से स्वीकार करने का समय आ गया है. राजनीतिक अटकलों के मुताबिक श्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 9 में से 7 सांसद उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के संपर्क में हैं.

**जोर** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस और स्लोवाकिया की छह दिन की यात्रा पर हुए रवाना

# जी-7 के साथ भारत के संबंध होंगे मजबूत



**नई दिल्ली, 13 जून. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया है कि फ्रांस और स्लोवाकिया की उनकी यात्राओं से यूरोप और जी-7 समूह के साथ भारत के संबंध और मजबूत होंगे.**

श्री मोदी ने फ्रांस और स्लोवाकिया की छह दिन की यात्रा पर रवाना होने से पहले शनिवार को एक वक्तव्य में कहा कि उनकी ये यात्राएं यूरोपीय महाद्वीप और उससे आगे भी भारत की साझेदारियों का दायरा बढ़ाने की अटूट प्रतिबद्धता को भी बताती हैं.

श्री मोदी ने कहा, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और स्लोवाक प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के निमंत्रण पर मैं 13-18 जून तक फ्रांस और स्लोवाक गणराज्य की यात्रा करूंगा. उन्होंने कहा, भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण में फ्रांस का एक खास स्थान है. इस साल की शुरुआत में राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत का दौरा किया था, तब हमने अपने संबंधों को विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया था.

### जी 7 शिखर सम्मेलन में भी होंगे शामिल

प्रधानमंत्री 16 जून को दोबारा फ्रांस लौटेंगे और 17 जून को एवियन में आयोजित जी 7 समिट 2026 में हिस्सा लेंगे. सम्मेलन में वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, नई रणनीतिक साझेदारियों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी.